राजस्थान सरकार
सामान्य प्रशासन (ग्रुप–2) विभाग

कमांक– प.24(1)साप्र/2/2012 जयपुर, दिनांक 5 JUN 2012

–:आदेशः–

राज्य सरकार ने भारत के प्रथम प्रधान मंत्री स्व0 पं0 जवाहर लाल नेहरू की जन्मतिथि दिनांक 14 नवम्बर एवं उनकी पुण्यतिथि दिनांक 27 मई को प्रत्येक वर्ष जयपुर के रामनिवास बाग परिसर स्थित स्व0 पं0 जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा स्थल पर निम्न प्रकार कार्यक्रम आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया है:–

27 मई

माननीय मुख्यमंत्री महोदय, अन्य मंत्रीगण, जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण व आम जनता द्वारा पुष्पांजली अर्पण।

14 नवम्बर

(1.) 27 मई के कार्यक्रम के लिए उल्लेखित महानुभावों के साथ ही बालक–बालिकायें भी कार्यक्रम में मौजूद रहेगें।

(2.) बालक–बालिकाओं द्वारा शांति का संदेश देने के लिए बाल दिवस के उपलक्ष में गैस भरे गुब्बारे आसमान में छोडे जायेगें।

दोनों ही कार्यकमों के आयोजन हेतु नोडल विभाग जयपुर विकास प्राधिकरण होगा तथा सहयोग में साफ–सफाई व अन्य व्यवस्था हेतु नगर निगम जयपुर उत्तरदायी होगा। पार्किंग, सुरक्षा आदि की व्यवस्था पुलिस कमीश्नर जयपुर द्वारा की जावेंगी।

उक्त दोनो कार्यक्रम का समन्वय सामान्य प्रशासन विभाग करेगा।

राज्यपाल की आज्ञा से,

(डां0 आर.पी.जैन)
प्रमुख शासन सचिव

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेंतु प्रेषित है।

1. प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री कार्यालय, राजस्थान जयपुर।
2. पुलिस आयुक्त, पुलिस मुख्यालय, जयपुर।
3. आयुक्त सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग जयपुर।
4. आयुक्त जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर।
5. जिला कलेक्टर, जयपुर।
6. सचिव जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर।
7. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नगर निगम, जयपुर।
8. डिप्टी चीफ ऑफ प्राटोकोल, सामान्य प्रशासन (ग्रुप–1) विभाग।
9. पुलिस उपायुक्त सुरक्षा / यातायात जयपुर।
10. शिक्षा उप निदेशक, माध्यमिक जयपुर संभाग, जयपुर।
11. उप नियंत्रक गृह रक्षा एवं नागरिक सुरक्षा।
12. अधिशाषी अभियन्ता, पी.डब्यू.डी खण्ड–I, II, III
13. निजी सचिव, मुख्य सचिव।
14. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, सा.प्र.वि।
15. अधीक्षक उद्यान विभाग, रामनिवास बाग, जयपुर।
16. निजी सहायक शासन, उप सचिव जीएडी ग्रुप–2
17. शासन सहायक सचिव, जीएडी ग्रुप–2
18. रक्षित पत्रावली।

(राजीव जैन)
शासन उप सचिव